हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 22 मई 2025


तापमान
अधिकतम 47.0 डिग्री
न्यूनतम 30.0 डिग्री


12 जनता त्रस्त, नगर निगम बना भ्रष्टाचार का गढ़





12 अंबाला डीसी ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी




## खबर संक्षेप

### लाडवा में आज निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

**कुरुक्षेत्र।** 22 मई को कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा कस्बे में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं नेतृत्व करेंगे। इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफल बनाने हेतु जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र सिंह गोल्डी ने कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियाँ सौंपीं।

### गहने छीनने की आरोपी दो महिलाएं गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना सेक्टर 13/17 पुलिस ने बागेश्वर बाबा की कथा सुनने जम्मू से आई गुरमीत तामडग पत्नी असीम तामडग की सोने के लॉकेट सहित चेन चोरी करने के आरोप में दिल्ली के नजफगढ़ निवासी सपना व सोनम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से सोने की चेन व एक हजार रूपए बरामद किए है। आरोपियों ने लॉकेट पांच हजार रूपये में अज्ञात को बेच दिया था।

### मादक पदार्थ की खेप के साथ तस्कर पकडा

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने सेक्टर 25 गंदा नाला पुलिया के पास कैंटर से 28 किलो 100 ग्राम चूरा पोस्त बरामद किया है। वहीं पुलिस ने नशा तस्कर कैंटर चालक बलबीर पुत्र बोधराम निवासी कुटानी रोड अशोक विहार कॉलोनी, पानीपत को गिरफ्तार किया है। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रोहताश ने बताया कि आरोपी बलबीर, कैंटर चलान के साथ मदाक पदार्थ की बिक्री का काला कारोबार भी करता है। वहीं आरोपी ने पुलिस को बताया वह बरामद चूरा पोस्त को राजस्थान से कम कीमत पर खरीकर पंजाब में बेचने के लिए लाया था। बलबीर के खिलाफ थाना चांदनी बाग में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया और उसे कोर्ट में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया है।

### फर्जी कागजातों पर बनवाया पासपोर्ट


**पानीपत।** रेरकलां के निवासी शिवम राठी फर्जी दस्तावेजों पर पासपोर्ट बनवाया है। वहीं शिवम राठी को गांव रेरकलां में ओमपाल के नाम से जाना जाता है। शिवम राठी पर हत्या व जान लेवा हमले के आरोप में कैथल के सिटी थाना में केस दर्ज है। जिसे ऑन किलिंग कहा गया था। वहीं राठी पर अपने गांव में भी मारपीट के आरोप में केस दर्ज है। इधर, डीएसपी विवेक चौधरी ने बताया कि कैथल के सिटी थाना में जून 2024 में दर्ज हत्या, हत्या के प्रयास के मामले में उनकी टीम जांच कर रही है। जिसमें पानीपत के गांव रेरकलां के रहने वाले शिवम राठी को मुख्य आरोपी बनाया गया है। जांच में सामने आया कि शिवम राठी को गांव में ओमपाल के नाम से भी जाना जाता है। शिवम ने पानीपत आरटीए से दो ड्राइविंग लाइसेंस जारी करवाए। जबकि जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने अपना पासपोर्ट दूसरे क्रेडेंशियल्स के आधार पर जारी करवाया है।

## कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा परशुराम जयंती समारोह का निमंत्रण देने पहुंचे इंद्री

# रोहतक के पहरावर में 30 को मनाई जाएगी भगवान परशुराम जयंती

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे मुख्य अतिथि

- भगवान परशुराम भवन (ब्राह्मण धर्मशाला) को 11 लाख रुपये देने की घोषणा



इंद्री। परशुराम जन्मोत्सव समारोह का निमंत्रण देने के लिए आए पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा का स्वागत करते हुए।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री/करनाल**

हरियाणा के सहकारिता, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा आज राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह का निमंत्रण देने के लिए इंद्री के भगवान परशुराम भवन में पहुंचे। जहां पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने भगवान परशुराम भवन (ब्राह्मण धर्मशाला) को 11 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की।

हरियाणा के सहकारिता, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संत-महापुरूष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना के तहत भगवान परशुराम जयंती के राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन आगामी 30 मई को रोहतक के पहरावर में किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली करेंगे। उन्होंने कहा कि इस राज्य स्तरीय समारोह में भाग लेने के लिए वे स्वयं विभिन्न जिलों में जाकर लोगों को निमंत्रण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जयंती समारोह को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। इस राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश के कोने-कोने से ब्राह्मण समाज व सर्व समाज अपनी भागीदारी करेगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है और यह जनता के सहयोग से ही संभव हो पाया है। प्रदेश सरकार सभी महापुरुषों की जयंती को राज्य स्तर पर मनाने का कार्य कर रही है, जिसमें सभी समाजों का योगदान होता है। उन्होंने गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक शिक्षा संस्थान है, जिसकी शुरुआत 1904 में पंडित भगवत दयाल गौड़ शर्मा ने की थी।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर ब्राह्मण समाज इंद्री के प्रधान सुरेंद्र भूषण समौरा, विजय घनौरा, सतपाल सिंह, नरेश शर्मा, दीपक करतारपुर, सुमित खरक, राकेश राजेपुर, तेजपाल, विकास बीबीपुर, नरेश कुमार, अमित धूमसी, नगरपालिका चेयरमेन राकेश, भाजपा नेता अमित खेड़ा, महेंद्र पंजोखरा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# ट्रक की चपेट में आने से बेटी की मौत, मां घायल



यमुनानगर। गांव धौलरा के पास हुए सड़क हादसे में मृतक लड़की का फाइल फोटो व कार्रवाई करती पुलिस।

- सहारनपुर-कुरूक्षेत्र मार्ग पर गांव धौलरा के पास हुआ हादसा
- कुरूक्षेत्र से सत्संग सुनकर घर लौट रही थी मां-बेटी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

सहारनपुर-कुरूक्षेत्र मार्ग पर गांव धौलरा के पास सड़क क्रॉस करते समय ट्रक ने मां-बेटी को कुचल दिया। हादसे में बेटी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मां घायल हो गई। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसे के समय दोनों मां बेटी कुरूक्षेत्र से सत्संग सुनकर घर लौट रही थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव धौलरा माजरी निवासी संगीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी छोटी लड़की सोनाक्षी दसवीं कक्षा में पढ़ती थी। वह बुधवार को अपनी बेटी सोनाक्षी के साथ कुरूक्षेत्र में सत्संग सुनने के लिए गई थी। जब वह वहां से वापस घर लौट रहे थे तो वह गांव के बस अड्डे पर उतर गए। इसके बाद जब वह सड़क क्रॉस करने लगे तो तेज गति से आ रहे ट्रक ने उन दोनों को टक्कार मार दी। हादसे में वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसकी बेटी के सिर व मुंह से खून आने लगा।

कुछ देर बाद उसकी बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। उसने फोन करके घटना की सूचना अपने पति को दी। सूचना मिलते ही उसका पति व गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने हादसे के बारे डायल 112 को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

# रोमानिया भेजने के नाम पर हड़पे 3.75 लाख रुपये

- तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

**यमुनानगर।** रोमानिया भेजने के नाम पर गांव स्टारी निवासी जंग बहादुर से तीन लाख 75 हजार रुपये हड़प लिए गए। जंग बहादुर अपने लड़के साहिल को विदेश भेजना चाहता था।

आरोप शहर के संतपुरा के नजदीक बेगमपुर नाम से ऑफिस चलाने वाले पंचकुला निवासी अमित कुमार, जडोदा निवासी नीटू व गौरव पर लगा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है। जंग बहादुर ने बताया कि काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसके लड़के को विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया। तब उसने पुलिस में शिकायत दी।

## हेरोइन तस्करी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अम्बाला।** पुलिस ने हेरोइन तस्करी मामले में काव्या निवासी दीना की मण्डी अम्बाला छावनी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया और कोर्ट के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। 29 जनवरी को एएनसी अम्बाला के पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है और आज डेहा कालोनी से पालिका विहार अम्बाला शहर की तरफ मादक पदार्थ सहित आएगा।

सूचना उपरान्त एएनसी अम्बाला के पुलिस दल ने पालिका विहार मोड़ से मोटरसाईकिल सवार संदिग्ध को हेरोइन समेत काबू कर लिया।

# तेज आंधी-तूफान और बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

- मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों का पालन करने की अपील

**करनाल।** करनाल में अचानक आए तेज़ आंधी-तूफान और बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया । तेज़ हवाओं के साथ हुई बारिश के कारण कई स्थानों पर पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए, जिससे यातायात बाधित हुआ और कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा, बिजली के खंभे और तार टूटने से कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। भारतीय मौसम विभाग ने करनाल और आसपास के क्षेत्रों के लिए शाम 9:30 बजे तक ओलावृष्टि और 50-60 किमी/घं की रफ्तार से तेज़ हवाओं के साथ आंधी-तूफान की रेड वॉर्निंग जारी की है। बिजली विभाग की टीमें आपूर्ति बहाल करने में जुटी हैं, लेकिन कई क्षेत्रों में अभी भी अंधेरा पसरा हुआ है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्य जारी हैं। वे किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन से संपर्क करें।

# डंपर की टक्कर लगने से महिला की मौत

- शाहबाद-बराड़ा रोड पर हुआ हादसा, गांव थम्बड़ की निवासी थी विधवा महिला





**बराड़ा।** दुर्घटना के बाद पलटा पड़ा डम्पर व मृतक महिला की फ़ोटो।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा**

बुधवार सुबह गांव थम्बड़ की रहने वाली 45 वर्षीय विधवा शशि बाला की सड़क हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। हादसा सुबह करीब 7:25 बजे शाहबाद-बराड़ा रोड पर अनाज मंडी गेट नंबर-3 के सामने हुआ, जब तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहा एक डम्पर एक्टिवा सवार शशि बाला को टक्कर मारते हुए कुचलता हुआ निकल गया।

मृतका अम्बाला रेलवे स्टेशन पर कुली का काम करती थीं। मृतका के रिश्तेदार रवि कुमार निवासी थम्बड़ ने बताया कि शशि बाला अम्बाला रेलवे स्टेशन पर कुली का काम करती थी और प्रतिदिन गांव व थंबड़ से एक्टिवा पर बराड़ा तक जाती थी। बुधवार सुबह वह अपनी-अपनी बाईक पर सवार होकर अम्बाला कैंट जाने के लिए निकले थे।

शशि बाला अपनी एक्टिवा पर आगे चल रही थीं। जब वे अनाज मंडी के सामने पहुंचे तो दोसड़का की तरफ से तेज गति से आ रहा रेत का भरा डम्पर अचानक शशि बाला की एक्टिवा से टकरा गया। टक्कर से शशि बाला सड़क पर गिर गईं और डम्पर का अगला पहिया उनके ऊपर चढ़ गया, जिससे वह बुरी तरह कुचल गईं। हादसे के बाद डम्पर सड़क किनारे नाले में पलट गया और चालक भी मौके से भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने 112 नंबर और एम्बुलेंस को फोन कर सूचित किया। पुलिस और परिजन भी मौके पर पहुंच गए।शशि बाला को तुरंत एम्बुलेंस में एमएम अस्पताल मुलाना ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## सबका पोषण करने वाली प्रकृति से प्रेरणा लें : सुरेश

# मधुमक्खियां जैव विविधता में सहायक

- महाराणा प्रताप उद्यान विवि में विश्व मधुमक्खी दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल**





**करनाल।** महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा किसानों को शहद वितरित करते हुए।

महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल में विश्व मधुमक्खी दिवस के उपलक्ष्य पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एमएचयू के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने शिरकत की।

यह आयोजन नेशनल बी बोर्ड भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित मिनी हनी टेस्टिंग लैब परियोजना के अंतर्गत किया गया। यह प्रयोगशाला न केवल शहद की गुणवत्ता की जांच करेगी, बल्कि किसानों को प्रशिक्षण और जागरूकता भी प्रदान करेगी। कुलपति ने मधुमक्खियों के पारिस्थितिकीय महत्व और खाद्य सुरक्षा में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। मधुमक्खियाँ परागण के माध्यम से न केवल कृषि उत्पादकता बढ़ाती हैं, बल्कि प्राकृतिक जैव विविधता को भी बनाए रखने में सहायक हैं। कुलपति ने कहा कि किसान खेती के साथ-साथ मधुमक्खी पालन कर ज्यादा मुनाफा कमा सकता है। मधुमक्खी किसान भाईयों को प्रकृति का अनमोल उपहार के समान है। इस अवसर पर डॉ धर्मपाल, डॉ रमेश कुमार गोयल,डॉ विजय पाल यादव और छात्र व किसान भी उपस्थित रहे।

**किसानों को शहद बांटा**

इस अवसर पर प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन में उपयोग होने वाले आधुनिक उपकरणों और उत्पादों की प्रदर्शनी दिखाई गई, जिससे उन्हें इसे व्यवसाय के रूप में अपनाने की प्रेरणा मिली। विशेष आकर्षण के रूप में विश्वविद्यालय द्वारा उत्पादित शुद्ध शहद किसानों को वितरित किया गया।

## खबर संक्षेप

### 25 को लगाया जाएगा रक्तदान शिविर : अनीश

**करनाल।** जेसीआई करनाल गोल्ड, श्री सनातन धर्म सभा, करनाल कैमिस्ट एसोसिएशन और जिला रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से 25 मई को 38वां रक्तदान शिविर श्री सनातन धर्म मंदिर कुंजपुरा रोड में लगाया जाएगा। शिविर का समय सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक रखा गया है। जेसीआई करनाल गोल्ड के मीडिया प्रभारी अनीश गुप्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर विशेष तौर पर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया बच्चों को माता पिता से अनुवांशिक तौर पर मिलने वाला ब्लड डिसऑर्डर है। इस रोग से शरीर की हीमोग्लोबीन निर्माण प्रक्रिया बाधित होती है। इसकी पहचान तीन माह की आयु के बाद होती है। अनीश गुप्ता ने बताया कि रक्तदान शिविर में संयोजक कपिल किशोर, जेसीआई करनाल गोल्ड के प्रधान प्रमोद बंसल, पूर्व प्रधान रविंनंदन गर्ग, सचिव अजीत बंसल, कैशियर विश्वास भुटानी, प्रकल्प प्रमुख कपिल गुप्ता, सलाहकार सुनील मलिक, सह प्रकल्प प्रमुख दुर्गेश गुप्ता, सन्नी गुप्ता, संयोजक विपिन सिंगला, पंकज सिंगला, राम प्रसाद गोयल और आशीष जुनेजा मौजूद रहेंगे।

### राजीव की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित किए



**करनाल।** कांग्रेस सेवादल ने देश के प्रधानमंत्री रहे राजीव गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। कार्यकर्ताओं ने उनके दिखाए मार्ग पर चलने का प्रण लिया। इस मौके पर जिला प्रधान अनिल शर्मा, ग्रामीण जिला प्रधान मदन राणा व प्रदेश प्रवक्ता ललित अरोड़ा ने कहा कि भारत रत्न राजीव गांधी ऐसे कर्मयोगी रहे हैं, जिनकी जीवन यात्रा में मानवता, सरलता, निष्छलता के कई मुकाम रहे हैं। राष्ट्रहित उनके चिंतन के केन्द्र में था। मौके पर उपप्रधान बलजीत चौहान, ईशम सिंह चौहान, प्रदेश प्रवक्ता ललित अरोड़ा, जिला प्रवक्ता दीपक चौधरी, जिला महासचिव बिंदर पोसवाल, महासचिव जितेंद्र पांचाल, विकास कांबोज, श्रवण प्रधान, शुभम चौहान, सुरेंद्र डाकवाला, मीडिया प्रभारी सुनील शर्मा, विजय शर्मा, अमित राणा, वकील गुर्जर व अशोक पूंडरक मौजूद रहे।

**एंटी-टेररिज़्म डे के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

# युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकताः डॉ. रेखा त्यागी

- कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वॉल सिग्नेचर एक्टिविटी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को एंटी-टेररिज़्म डे के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत उत्साह और संकल्प के साथ किया गया। महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा विविध रचनात्मक और विचारोत्तेजक गतिविधियों का संचालन किया गया, जिनका उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ जनजागरूकता फैलाना और शांति, एकता व मानवता के मूल्यों को प्रोत्साहित करना रहा । कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वॉल सिग्नेचर एक्टिविटी रही, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। हम आतंक के खिलाफ हैं और शांति के साथ हैं विषय पर प्रतिभागियों ने प्रेरणादायक संदेशों एवं हस्ताक्षरों के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धता दर्ज की। इस गतिविधि की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी द्वारा की गई, जिन्होंने अपने हस्ताक्षर के साथ शांति का संदेश देते हुए कहा कि "आज के युवाओं को नकारात्मक शक्तियों के विरुद्ध एकजुट होकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है। इसके पश्चात महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राओं ने दीवार पर हस्ताक्षर कर आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई और शांति, सद्भावना एवं भाईचारे की भावना को अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की दूसरी प्रमुख गतिविधि कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता रही, जिसमें विद्यार्थियों ने आतंकवाद के दुष्परिणामों और शांति के महत्व को कलात्मक रूप में प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगे चित्रों, नारों, कटिंग्स और रचनात्मक विचारों के माध्यम से प्रतिभागियों ने समाज को जागरूक करने का प्रयास किया। इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों की सृजनात्मकता के साथ-साथ उनके सामाजिक सरोकारों को भी उजागर किया।कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल आतंकवाद की विभीषिका के प्रति चेतना जागृत करना था, बल्कि समाज में समरसता, सहिष्णुता और शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के मूल्यों को भी मजबूती प्रदान करना रहा।कार्यक्रम का संचालन एनएसएस इकाई के प्रभारी एवं सदस्यों द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। अंत में प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साह एवं जागरूकता के लिए बधाई दी और इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर जारी रखने की प्रेरणा दी।

# धरने को निसिंग के किसानों ने दिया समर्थन

- निसिंग ब्लॉक के भाकियू कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए पहुंचे धरने पर, बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** धरने पर नारेबाजी करते हुए भाकियू इन्द्री खंड कार्यकर्ता।

गांव सोहाना के रकबे में भारतीय किसान यूनियन(भाकियू) के बैनर तले चल रहा धरना आठवें दिन में प्रवेश कर गया है। गत आठ दिनों से करनाल रिंग रोड पर रास्ते की मांग को लेकर सोहाना गांव के रकबे में लगातार अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है।

आंदोलनकारी ग्रामीणों का आरोप है कि आज तक शासन व प्रशासन की ओर से कोई भी प्रतिनिधि ग्रामीणों की औपचारिक तौर पर सुध लेने नहीं पहुंचा है। जिसकों लेकर ग्रामीणों रोष बढने लगा है। वीरवार को तय कार्यक्रम के मुताबिक विकास खंड निसिंग इकाई से जुड़े एक बड़े जत्थे ने सोहाना धरना पर पहुंचकर जोरदार ढ़ंग से नारेबाजी करते हुए धरने में शामिल हुए। जत्थे की अगुवाई भाकियू के व्योंवृद्व किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर, प्रधान रामफल नरवाल नरूखेड़ी तथा राजबीर मान घोघड़ी पुर ने संयुक्त रूप से की। इस मौके पर भाकियू प्रदेश संगठन सचिव शाम सिंह मान, चेयरमैन यशपाल राणा, प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान ने धरने को विशेष तौर पर संबोधित किया। कल 22 जून को तय कार्यक्रम के तहत ब्लॉक असंध क्षेत्र से सोहाना धरने पर अपना समर्थन देने के लिए जत्था पहुंचेगा।

### ये रहे शामिल

जत्थे में भाकियू महासचिव राजेंद्र राणा, किसान नेता शमशेर नरवाल, भरतरी मान, जयपाल शर्मा, रणबीर कतलाहेड़ी, पूर्ण सिंह, हवा सिंह खेड़ी नरू,जोगिंद्र नरवाल, गुलजार सिंह सहित कई भाकियू कार्यकर्ता शामिल रहे।

**जेल प्रशिक्षण अकादमी के उद्घाटन अवसर पर बोले-सीएम नायाब सैनी**

# हमारी जेलें केवल सजा नहीं, बल्कि बदलाव पुनरुद्धार व पुनर्निर्माण का केंद्र बननी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को करनाल में जेल प्रशिक्षण अकादमी का उद्घाटन करने के बाद कई घोषणाएं कीं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नई जेल प्रशिक्षण अकादमी सुधार प्रणाली में परिवर्तनकारी दृष्टिकोण की शुरुआत है।

उन्होंने कहा कि यह केवल एक इमारत का उद्घाटन नहीं है, यह एक नए दृष्टिकोण के परिवर्तन और एक अन्य विज़न की शुरुआत है। हमारी जेलें केवल सजा नहीं, बल्कि बदलाव, पुनरुद्धार और पुनर्निर्माण का केंद्र बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि नवनिर्मित अकादमी में नए भर्ती किए गए लोगों के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण और मौजूदा कर्मचारियों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रदान किए जाएंगे, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि जेल विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को आधुनिक तकनीकों, मानवाधिकारों और कैदी सुधार के मनोवैज्ञानिक पहलुओं में प्रशिक्षित किया जाए। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ, हमारे जेल कर्मचारियों को न केवल अनुशासन के साधनों से सुसज्जित करना आवश्यक है, बल्कि सहानुभूति, न्याय और सामाजिक पुनर्वास की भावना से भी लैस करना आवश्यक है। जेल महानिदेशक, मोहम्मद अकील ने भी इस अवसर पर बोलते हुए नव स्थापित जेल प्रशिक्षण अकादमी में उपलब्ध सुविधाओं का विवरण प्रस्तुत किया। मौके पर विधायक जगमोहन आनंद, योगेंद्र राणा, भगवान दास कबीरपंथी, सुनील सांगवान, करनाल की मेयर रेणु बाला गुप्ता तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जेल सुधारों को प्राथमिकता दी गईः डॉ. अरविंद शर्मा

सहकारिता एवं जेल मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जेल विभाग द्वारा की जा रही प्रगतिशील पहलों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जेलों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है और समग्र प्रबंधन में सुधार तथा बेहतर पुनर्वास परिणाम सुनिश्चित करने के लिए नवीनतम तकनीक से सुसज्जित किया जा रहा है। जेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, डॉ. शर्मा ने कहा कि आज, जेल केवल कारावास के केंद्र नहीं हैं, वे परिवर्तन के स्थान हैं जहां कैदी सुधरे हुए और बेहतर व्यक्ति बनकर निकलते हैं। कैदी जेल प्रणाली के भीतर शुरू किए गए विभिन्न कौशल-आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से जेल राजस्व में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। डॉ. शर्मा ने मुख्यमंत्री से साप्ताहिक गीता श्लोक सत्र शुरू करने और राज्य की सभी जेलों में नियमित योग कक्षाएं आयोजित करने का भी आग्रह किया।

### घरौंडा में मुख्यमंत्री ने विस अध्यक्ष की चाची के निधन पर किया शोक व्यक्त



घरौंडा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की चाची गुरूबचनी देवी के निधन पर उनके निवास स्थान कल्याण फार्म पहुंचकर शोक व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरूबचनी देवी मिलनसार व्यक्तित्व की धनी थी, उनके जाने से समाज के लिए भी अपूर्णीय क्षति है। स्वर्गीय गुरूबचनी देवी धार्मिक और शालीन महिला थीं, जिन्होंने अपना जीवन आध्यात्मिक मूल्यों और पारिवारिक सद्भाव के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि परिवार में अपनो का जाना बेहद दुखद होता है लेकिन संसार में जीवन और मृत्यु निश्चित है। उन्होंने परिवारिक सदस्यों का ढ़ांढस बंधाया। सैनी ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण को सांत्वना दी। बता दें स्वर्गीय गुरूबचनी देवी का निधन 19 मई को हो गया था।

### राज्य सरकार जेल विभाग को आधुनिक बनाने के लिए उन्नत तकनीकों में कर रही निवेशः डॉ. मिश्रा

गृह एवं जेल विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने जेल प्रशिक्षण अकादमी की स्थापना पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए इसे मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के विजन और सहयोग से साकार किया गया एक प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट बताया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस तरह की आधुनिक और विशिष्ट जेल प्रशिक्षण सुविधा पड़ोसी राज्यों में उपलब्ध नहीं है और संभवत यह उत्तर भारत में अपनी तरह की पहली सुविधा होगी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार जेल विभाग को आधुनिक बनाने के लिए उन्नत तकनीकों में सक्रिय रूप से निवेश कर रही है। राज्य की विभिन्न जेलों में 1,100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे निगरानी और सुरक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि संबंधित अदालतों के साथ जेलों की व्यापक मैपिंग की गई है, जिससे अंडर ट्रायल कैदियों को जेल परिसर के भीतर से ही वर्चुअल तरीके से अदालत में पेश होते हैं । इस पहल से न केवल धन और समय की बचत हुई है बल्कि सुरक्षा भी सुनिश्चित हुई है।

**डीएवी महिला महाविद्यालय में कार्यक्रम**

# शिविर में 30 छात्राओं ने किया रक्तदान



- मुख्य अतिथि प्राचार्या मीनू शर्मा का हरे-भरे पौधे से स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय के संकल्प सभागार में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा करनाल और राष्ट्रीय सामाजिक संगठन करनाल के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर लगाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा मुख्यातिथि तथा कुलबीर मलिक (सचिव, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा करनाल) विशिष्ट अतिथि रहे। महाविद्यालय की युवा रेडक्रॉस समिति, रेड रिबन क्लब, एनएसएस,एनसीसी समितियों ने मुख्य अतिथि प्राचार्या मीनू शर्मा का हरे-भरे पौधे से स्वागत किया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन में उनके योगदान पर धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही प्राचार्या मीनू शर्मा ने विशिष्ट अतिथि कुलबीर मलिक का हरे-भरे पौधे से स्वागत किया और छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि हमारे महाविद्यालय में प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है अतिथि के रूप में राजपाल चौधरी (डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग ऑफिसर आईआरसीएस, जिला शाखा करनाल) और प्रदीप मैहला (नेशनल कोऑर्डिनेटर,एनएसओ करनाल), संजय वर्मा, प्रभारी, ब्लड बैंक, सिविल अस्पताल, करनाल और टीम तथा इशु जैन, ब्लडलाइन निदेशक, एनएसओ करनाल शामिल रहे। शिविर में 30 छात्राओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा रेडक्रॉस समिति की संयोजिका डॉ. दीप्ति शर्मा, सहसंयोजिका डॉ. रेनू बालियान, रेड रिबन क्लब की संयोजिका डॉ. पूनम कुंडू तथा सहसंयोजिका डॉ. सुनीता सलारिया,एनएसएस की संयोजिका डॉ. शिवांगी व सिल्की पुरी,एनसीसी की संयोजिका डॉ.श्वेता धवन और सुषमा ने विशेष योगदान दिया।

# राजीव गांधी ने दिलों पर राज किया : गुप्ता



**करनाल।** देश के प्रधानमंत्री रहे राजीव गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर कांग्रेसजनों ने उन्हें नमन किया। राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्पमालाएं अर्पित कर उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। इस मौके पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि कुछ लोग ज़मीन पर राज करते हैं और कुछ लोग दिलों पर। राजीव गांधी एक ऐसी शख्सियत थे, जिन्होंने ज़मीन पर ही नहीं, बल्कि दिलों पर भी हुकूमत की। वे भले ही आज इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन हमारे दिलों में आज भी ज़िंदा हैं। राजीव गांधी ने 19वीं सदी में 21वीं सदी के भारत का सपना देखा था। अपने इसी सपने को साकार करने के लिए उन्होंने देश में कई क्षेत्रों में नई पहल की, जिनमें संचार क्रांति और कम्प्यूटर क्रांति, शिक्षा का प्रसार, 18 साल के युवाओं को मताधिकार और पंचायती राज आदि शामिल हैं। मौके पर संजीव कांबोज, डा. राजेश वैद्य, सुखराम बेदी, राजिंद्र नंबरदार, पंकज पाल, नवजोत कौर, अशोक दुग्गल, अंकित चौहान, मनिंद्र, विनोद कांबोज, एनपीएस चौहान व रोहित जोशी मौजूद रहे।

# हिन्दू राष्ट्र महासभा ने एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर निकाली पैदल यात्रा

- एक देश एक चुनाव से होगा सरकारी खजाने पर बोझ कम : अमित आर्य

**करनाल।** एक राष्ट्र एक चुनाव पैदल तिरंगा यात्रा का एक राष्ट्र एक चुनाव समिति के जिला करनाल के सह संयोजक अमित आर्य ने फूल माला पहनाकर अभिनन्दन व स्वागत किया गया। इस अवसर पर यात्रा संयोजक हिन्दू राष्ट्र महासभा भारत हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नरसिंह गोहाना,हिन्दू राष्ट्र महासभा जिला अध्यक्ष सोनीपत कालू पंडित,अंकित सरखतल, विक्रम,यात्रा सह संयोजक शमशेर सिहं तूफान,बिजेंद्र, हरीश सभरवाल, राहुल,संदीप कुंडू,रवि, विक्रम सरोहा उपस्थित रहें।



यात्रा सह संयोजक शमशेर सिंह तूफान ने बताया कि यह पैदल यात्रा 19 मई को गोहाना के अम्बेडकर चोंक से शुरू होकर पानीपत के रास्ते घरोंडा होते हुए करनाल पंहूची है, रात्रि विश्राम के बाद यात्रा नीलोखेड़ी और अम्बाला के रास्ते होते हुए 26 तारीख को चंडीगढ़ पंहूंचेगी और तत्पश्चात राजभवन में एक देश एक चुनाव की मांग को लेकर राज्यपाल के माध्यम से देश के राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी दिन मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी को एक देश एक चुनाव को लेकर समर्थन पत्र भी सौंपा जाएगा। इस मौके पर एक देश एक चुनाव समिति के सह संयोजक अमित आर्य ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव का मतलब है देश में लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराना और इसके लागू होने से लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होंगें।

# आईएसबी ने एक्सेलेरेटर प्रोग्राम कल्चर कैटालिस्ट लॉन्च किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारत तेजी से एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। लेकिन इस सफर में संस्कृति पीछे छूटती जा रही है।

संस्कृति की क्षमता को पहचानते हुए इंडियन स्कूल ऑफ बिज़नेस में अटल इन्क्यूबेशन सेंटर (एआईसी आईएसबी) ने पंजाब कल्चरल प्रोजेक्ट (पीसीपी) और नेटवर्क ऑफ इंडियन कल्चरल एंटरप्राईज़ेस (एनआईसीईओआरजी) के साथ साझेदारी में कल्चर कैटालिस्ट 2025-26 का लॉन्च किया है। यह अपनी तरह का पहला एक्सेलेरेटर प्रोग्राम है, जो पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, कश्मीर, उत्तराखंड और उप्र में सांस्कृतिक ब्रांड्स और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

### कार्यक्रम का यह उद्देश्य

कल्चर कैटालिस्ट 2025-26 प्रोग्राम का उद्देश्य एक मजबूत परिवेश का निर्माण करना है, जो सांस्कृतिक उद्यमियों को उद्देश्य पर केंद्रित और लाभकारी ब्रांड्स का लॉन्च करने, उनका विकास करने और विस्तार करने में समर्थ बनाता है, ताकि सांस्कृतिक विरासत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में एक सस्टेनेबल व्यवसाय स्थापित हो सके। कल्चर कैटालिस्ट 2025-26 प्रोग्राम 6 महीने लंबा कार्यक्रम है, जिसमें उद्यमी व्यक्तिगत संलग्नता, वर्चुअल मास्टरक्लास, सेक्टर संबंधी गहन जानकारी और कस्टम मेंटरशिप द्वारा सीख सकेंगे। इससे उन्हें लाभकारी और उद्देश्य पर केंद्रित सांस्कृतिक व्यवसाय स्थापित करने में मदद मिलेगी, जो पूरी दुनिया में प्रतिस्पर्धा कर सकेगा। आवेदन पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक उद्यमियों से 15 जून, 2025 तक स्वीकार किए जाएंगे।

**नगर निगम आयुक्त ने निगम कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, कार्य के लिए आए नागरिकों से की बात**

# समय पर काम करने, एक्शन टेकन रिपोर्ट बनाने तथा रिकॉर्ड मेन्टेन करें: डॉ. वैशाली

- प्रॉपर्टी आईडी से सम्बंधित आने वाली आपत्तियों का निपटान शीघ्रता से करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बुधवार को निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नागरिक सुविधा केन्द्र, सम्पत्ति कर शाखा, विद्युत शाखा, भवन शाखा, जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रेशन शाखा, जलापूर्ति शाखा, विवाह पंजीकरण शाखा, अधीक्षक ऑफिस तथा स्थापना शाखा का दौरा किया और उन द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। दौरे में उनके साथ अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार तथा उप निगम आयुक्त अभय सिंह मौजूद रहे। निगमायुक्त ने दौरे में अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कार्यालय में जो भी व्यक्ति कार्य के लिए आए, उसके कार्य को सम्मान के साथ सुना जाए और समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य में लेटलटीफी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सम्पत्ति कर शाखा को निर्देश दिए कि प्रॉपर्टी आई.डी. से सम्बंधित आने वाली ऑनलाईन या ऑफलाईन आपत्तियों का निपटान शीघ्रता से किया जाए। नागरिक सुविधा केन्द्र के दौरे के दौरान उन्होंने काम करवाने वाले नागरिकों से बात की और काम समय पर होता है या नहीं, इसके बारे में पूछा। इस पर नागरिकों ने कहा कि समय पर कार्य हो रहा है। उन्होंने विंडो पर बैठे कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वह अपने कार्य में कोताही न करें। कर्मचारी की शिकायत आने पर कार्रवाई की जाएगी। कर्मचारियों की प्रार्थना पर निगमायुक्त ने नागरिक सुविधा केन्द्र में होमगार्ड की तैनाती करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों को स्पष्ट किया कि स्ट्रीट लाईट, सीवरेज व साफ-सफाई से सम्बंधित आने वाली शिकायतों का समय पर निवारण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपना कार्य समय पर करें और किए गए कार्य की एक्शन टेकन रिपोर्ट अवश्य बनाई जाए।



**करनाल।** नगर निगम कार्यालय का दौरा करतीं निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा।

### तरावड़ीः शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर नपा का अभियान



**तरावड़ी।** शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर नगरपालिका ने लोगो को जागरूक करने के लिये अभियान चलाया गया। नगरपालिका सचिव के अदेशानुसार नगर पालिका के मोटीवेटर राजवंती और प्रविंद्र सिंह शहर के विभिन्न स्थानों पर जहां पर अतिक्रमण की समस्या ज्यादा पनप रही है वहां पर जाकर लाउडस्पीकर की मदद से अनाउंसमेंट की जा रही है। कि दुकानदार अपना सामान अपनी दुकानों के अंदर ही रखें और जहां तक दुकान की हद है वही तक ही अपनी दुकान का सामान व्यवस्थित तरीके से रखें । अनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को जागरुक करते हुए कहा की अपनी दुकानों का कचरा सड़कों पर न फेंके।

## खबर संक्षेप

### घर से नगदी व जेवर चोरी

**समालखा।** समालखा की सीताराम कालोनी निवासी राजपाल के घर से चोरों ने संदूक से 85 हजार रुपये कैश, दो सोने की अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी पायजेब, एक जोड़ी चांदी की कुंडली चोरी कर ली। वहीं राजपाल की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस व एफएसएल की टीम ने घटनास्थल की जांच की। इधर, पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं राजपाल का दावा है कि चोरी की इस घटना से उनका लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

### मकान से जेवर चोरी पुलिस ने केस दर्ज किया

**पानीपत।** पानीपत की विद्यानंद कालोनी निवासी अग्रसेन के घर से पच्चीस थाली, पांच ग्लास, चार हांडे, एक लौटा, कांसे के बर्तन, पीतल की बाल्टी, पायजेब, दो सोने की अंगूठियों आदि सामान चोरी कर लिया। वहीं अग्रसेन की शिकायत पर थाना चांदनी बाग पुलिस व एफएसएल की टीम ने घटनास्थल की जांच की। इधर, पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं अग्रसेन का दावा है कि चोरी की इस घटना से उनका एक लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

### कुराना गांव से युवती लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना मतलौडा की उरलाना कला पुलिस चौकी में गांव कुराना के एक किसान ने अपनी 24 वर्षीय बेटी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्नीस मई को उसकी बेटी बिना किसी को बताए घर से चली गई। परिजनों द्वारा रिश्तेदारों सहित हर संभव जगह तलाश करने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया। इधर, पुलिस ने लड़की के लापता होने का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### पुलिस टीम ने बाइक के साथ चोर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने बलजीत नगर नाका के नजदीक नाला पटड़ी पर नाकाबंदी के दौरान बजिंद्र पुत्र जगदीश निवासी रामनगर को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना हुडा सेक्टर 13/17 में आदिल पुत्र शल्लूद्दीन निवासी गंगाराम कॉलोनी, पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

### बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर चलाया अभियान

**तरावड़ी।** शहर मे बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर नगरपालिका ने लोगो को जागरूक करने के लिये अभियान चलाया गया। नगरपालिका सचिव के अदेशानुसार नगर पालिका के मोटीवेटर राजवंती और प्रविंद्र सिंह शहर के विभिन्न स्थानों पर जहां पर अतिक्रमण की समस्या ज्यादा पनप रही है वहां पर जाकर लाउडस्पीकर की मदद से अनाउंसमेंट की जा रही है। कि दुकानदार अपना सामान अपनी दुकानों के अंदर ही रखें और जहां तक दुकान की हद है वही तक ही अपनी दुकान का सामान व्यवस्थित तरीके से रखें।

## पानीपत के पुलिस अधीक्षक का दावा

# नोमान इलाही बड़े लेबल का जासूस नहीं





कप्तान भूपेंद्र सिंह प्रेस वार्ता करते हुए पानीपत थाना चांदनी बाग का निरीक्षण करते हुए पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह। फोटो :हरिभूमि

- रूपयों के लालच में बना जासूस, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ही इकबाल काना के संपर्क में आया था इलाही, एसपी ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में पकड़े गए पाकिस्तानी जासूस नोमान इलाही प्रकरण में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने दावा किया कि नोमान इलाही मूल निवासी कैराना, जिला शामली, उत्तर प्रदेश नोमान बड़े लेवल का जासूस नहीं है। वहीं नोमान, पुलिस रिमांड पर है और उसे पूछताछ जारी है। उन्होंने बताया कि नोमान ने प्रलोभन में आकर चंद रुपये के खातिर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई हैंडलर से संपर्क रखा। इसके पास एक ही बैंक खाता मिला, जिसमें भी कोई अधिक रकम जमा नहीं हुई। उन्होंने बताया कि नोमान के मोबाइल फोन की कुछ डिटेल भी लैब से आ गई है, वहीं अभी और रिपोर्ट आनी बाकी है। इन सभी की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि नोमान का इकबाल काना के साथ पुराना संपर्क नहीं है, वह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ही उससे संपर्क में आया था। उन्होंने सवालों का जवाब देते हुए कहा कि नोमान से किसी भी तरह की कोई डायरी बरामद नहीं की जानी थी। नोमान की निशानदेही पर दो सिम कार्ड, एक मोबाइल फोन सैट व पाकिस्तानी दस्तावेज की एक फोटो स्टेट बरामद की है।

### कप्तान ने थाना चांदनी बाग का निरीक्षण किया

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने थाना चांदनी बाग का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना के रिकार्ड के रजिस्टर व फाइलों की जांच करने के साथ ही बैरिक, मैस व मालखाना का जायजा लिया। खामियों को जल्द ही पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के उपरांत क्राइम कंट्रोल के संबंध में पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक व थाना में तैनात अनुसंधानकर्ता पुलिसकर्मियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार सैनी, थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप, एसपी रीडर सुभाष व थाना में तैनात अनुसंधानकर्ता उपस्थित रहें। एसपी सिंह ने कानून एवं व्यवस्था व दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा कर थाना प्रबंधक व अनुसंधानकर्ताओं को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि लंबित मामलों के निस्तारण के लिए आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश करें। दर्ज किसी भी मुकदमें की जांच बेवजह लंबे समय तक पेंडिंग न रखें। पीओ, बेल जम्पर अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करें। मादक पदार्थ तस्करी में फरार चल रहे आरोपियों के अतिरिक्त पीओ, बेल जम्पर अपराधियों की संम्पत्ति जब्त करने की प्रक्रिया अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि महिला विरूद्ध अपराध, अवैध हथियार व मादक पदार्थों की तस्करी, जुआरियों, सट्टेबाजों तथा अवैध शराब माफियाओं से सख्ती से निपटे। उन्होंने दावा किया कि पानीपत को क्राइम फ्री जिला बनाया जाएगा।

# योग करने से शरीर निरोगी रहता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

गीता परिवार, पानीपत द्वारा नवयुग पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जाटल रोड में चल रहे व्यक्तित्व विकास एवं संस्कार शिविर का तीसरा दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। वहीं, कार्यक्रम का प्रारंभ किरण मित्तल ने प्रभु के चरणों में पुष्प अर्पित कर किया। शिविर का संचालन ममता वर्मा द्वारा किया गया। सीमा एवं मुकेश देशवाल ने बच्चों से सामूहिक बाल प्रार्थना करवाई, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके पश्चात प्रदीप कुमार एवं डॉ.बलजीत सिंह ने बच्चों को कपालभाती, अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न प्राणायामों का अभ्यास करवाया, जिससे बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास में सहायक सिद्ध हो। ममता वर्मा ने पंच सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत भगवतगीता के आदर्शों को जीवन में अपनाने पर विशेष प्रकाश डाला और बच्चों को प्रेरित किया कि वे गीता के सिद्धांतों को चरित्र में उतारें। शिविर के तीसरे दिन दो विद्यार्थियों का जन्मदिन भारतीय परंपरा अनुसार मनाया गया।



**समालखा।** गीता परिवार के व्यक्तित्व विकास एवं संस्कार शिविर में बच्चों का जन्मदिन मनाते हुए अध्यापिकाएं। हरिभूमि

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर बैठक हुई

**पानीपत।** पंजाब नेशनल बैंक, मंडल के स्थानीय कार्यालय में बुधवार को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर हरियाणा के प्रमुख सोलर वेंडर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का नेतृत्व उप मंडल प्रमुख संजय कुमार गोंदवाल ने किया। बैठक का उद्देश्य पंजाब नेशनल बैंक द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर डिजीटल ऋण के बारे में वेंडर्स को अवगत कराना था। बैठक में मुख्य प्रबंधक प्रवेश शर्मा, ऋण प्रबंधक हार्दिक आनंद, श्वेता चौहान, तुषार ढींगरा (विपनन) अधिकारी भी शामिल रहें। बैठक में वेंडर्स को किसी भी तरह की समस्या न आये, उसका संजय कुमार गोंदवाल द्वारा आश्वासन दिया गया।

# गर्मी से अपने मवेशियो को बचाए पशुपालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

बढ़ते पारे ने आमजन के साथ साथ मवेशियों को बुरी तरह से प्रभावित करना प्रारंभ कर दिया है। आने वाले दिनों में गर्म लहर के और बढ़ने के संकेत हैं। ऐसे मैं पशु पालकों को अपने मवेशियों के साथ छोटे बच्चों को भी गर्मी से राहत प्रदान करने के लिए कुछ सावधानियां बरतने की आवश्यकता है। डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जैसे जैसे पारा चढ़ रहा है, वैसे-वैसे लोगों की परेशानियां के साथ पशुओं की परेशानी में भी वृद्धि होने की आशंका है। बीमार होने की स्थिति में अपने मवेशियों को पशु चिकित्सा के पास ले जाए व उपचार कराए। बढ़ती गर्मी न केवल इंसानों के लिए परेशानी का सबब बनती है, बल्कि बढ़ते तापमान का असर मवेशियों पर भी पड़ रहा है। विशेष सावधानियां बरतने की आवश्यकता है। डीसी ने बताया कि पशु पालक गर्मी की में अपने पशुओं के खान-पान व पानी का विशेष ध्यान रखें। टोल फ्री नंबर, 1962 पर भी पशु पालक सहायता ले सकते हैं। जिला पशु चिकित्सक अधिकारी डॉ. अशोक लोहान ने बताया कि गर्मी की लहर के कारण दुधारू पशुओं में दूध की मात्रा के प्रतिशत में कमी आती है। पशुओं में तेज बुखार भी होने की संभावना बढ़ जाती है।

### जरूरमंद बच्चों का दाखिला करवाया

**पानीपत** गरीब परिवार सहायता समिति द्वारा निर्धन परिवार के दो बच्चों का स्कूल में दाखिला कराया और उनकी शिक्षा पर आने वाले सालाना खर्च को वहन करने की घोषणा की। समिति के सदस्य राजेंद्र खुराना व विनोद खंडेलवाल ने बताया कि उनके पास दो बच्चों के परिजन पहुंचे तथा बताया कि वह अपने बच्चों को पढ़ाने में असमर्थ हैं। उनके बच्चे पढ़ाई करना चाहते हैं। समिति के सदस्यों ने जांच के बाद आज विद्या भारती स्कूल में जाकर दोनों बच्चों का एडमिशन पहली और दूसरी कक्षा में कराया। समिति का असहाय बच्चों को पढ़ाने का यह अभियान लागातार जारी रहेगा।

### नेशनल एडमिशन टेस्ट 25 को

**पानीपत।** विद्यामंदिर क्लासेज छात्र एडमिशन और स्कॉलरशिप टेस्ट 25 मई को होगा। जिसके जरिए देशभर के अच्छे छात्रों को प्रोत्साहित किया जाएगा और उनकी परफॉर्मेंस के लिए रिवॉर्ड भी दिया जाएगा।

यह स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट छात्रों को प्रोत्साहित करने और उन्हें शैक्षिक सफलता की ओर प्रेरित करने के लिए आयोजित किया जाएगा। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए है जो कक्षा 6वीं से 12वीं में जा रहे हैं। यह जानकारी विद्यामंदिर क्लासेज के सह संस्थापक बृज मोहन ने दी।

# विद्यार्थियों ने देशभक्ति के गीत गा कर भारतीय सेना को नमन किया

- डीपीएस पानीपत सिटी में सैन्य शौर्य दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

डीपीएस पानीपत सिटी में बुधवार को सैन्य शौर्य दिवस मनाया गया। हॉस्टल के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित विशेष सभा में सैनिकों के बलिदान, वीरता और शौर्य को याद करते हुए समूह गान प्रस्तुत किया। सभी छात्रों ने वंदे मातरम, जय हिंद और जय हिंद की सेना के नारों से ऑपरेशन सिंदूर के जांबाजों को सलामी दी। प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया ने कहा कि किस प्रकार पहलगाम में हुई घटना के विरोध में हमारी सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर से उनका प्रतिकार किया और आतंकवाद के खिलाफ हमारी सेना ने अपने पराक्रम को दिखाया। वहीं भारतीय सेना दुनिया की सबसे अनुशासित सेना है। सेना के शौर्य पर हर भारतीय को गर्व है। इधर, विद्यार्थियों व अध्यापकों ने भारतीय सेना के सम्मान में देशभक्ति के गगनभेदी नारे लगाए।



**समालखा।** डीपीएस पानीपत सिटी के विद्यार्थी देशभक्ति के गीत गाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**पानीपत।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में डीईईओ व डाइट प्राचार्य सुभाष भारद्वाज के नेतृत्व में स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय के निर्देशानुसार अनुसार स्वीप जागरूकता अभियान इस वर्ष अप्रैल से शुरू होकर अलगे वर्ष मार्च तक शहर के सभी मतदान केन्द्रों पर किया जाएगा। जिसके नोडल अधिकारी संजीव कुमार संस्कृत प्राध्यापक राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव राजाखेड़ी हैं। नोडल अधिकारी संस्कृत प्राध्यापक संजीव कुमार ने बताया कि इन गतिविधियों में निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, रैली निकालना, श्लोगन व भाषण के द्वारा वोटरों को जागरूक किया जाता है।

# बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल द्वारा सनौली रोड स्थित बीकेजीएम स्कूल में बाल संस्कार केंद्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रोग्राम परिवार जोड़ो अभियान के अंतर्गत किया गया। जिसमें वीना चुघ ने स्कूल के बच्चों को सूक्ष्म योग क्रियाएं करवा कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया। पालकी एवं प्रीत नामक बच्चों ने शिक्षा वर्धन कहानी सुनाई तथा पांच प्रकार के यज्ञ के बारे में जानकारी दी। यह भी समझाया की प्रातः उठते ही अपने माता व पिता को प्रणाम करें। स्कूल आकर अपनी टीचर को नमस्ते कहें। हरियाणा प्रभारी आरएन रावल, डा. जगजीत आहूजा, इंद्र चुघ, मंदिर प्रधान हरीश खुराना, तथा गिरीश अरोड़ा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निधि ने स्वदेशी अपनाएं विदेशी भगाएं पर अपने विचार रखें। स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति के गीत पर डांस किया। वहीं प्रस्तुति देने वाले सभी बच्चों को गिफ्ट भी दिए गए। बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार दें। इस अवसर पर जगदीश खुराना, पूर्ण बजाज, लेखराज जताना, गणेश ठाकुर, फतेहचंद, पूर्ण चंद बजाज, गुलशन आर्य, मीनू , कांता छाबड़ा, मंजू रावल, भावना सलूजा, प्रिंसिपल आदि उपस्थित रहे।



विश्व जागृति मिशन के सदस्य के साथ नन्हें मुन्ने विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### विशेष जागरूकता एवं पंजीकरण अभियान चलाया

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने के लिए श्रम विभाग द्वारा जिले में विशेष जागरूकता एवं पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 30 मई तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत डिलीवरी बॉय, ऑनलाइन सर्विस, राइड शेयरिंग सर्विस, लॉजिस्टिक श्रमिक, ई-मार्केट सर्विस, प्रोफेशनल सर्विस प्रोवाइडर, हेल्थकेयर, डेब्ल व हॉस्पिटैलिटी वर्कर, कंटेंट एवं मीडिया सर्विस और अन्य सर्विस प्रोवाइडर को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किया जा रहा है।

# एक राष्ट्र एक चुनाव होने से जल्द विकसित होगा भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एक राष्ट्र एक चुनाव के पक्ष में निकल रही यात्रा का पानीपत में एक राष्ट्र एक चुनाव के विभाग संयोजक डॉ. राजवीर आर्य तथा जिला संयोजक ईश कुमार राणा ने जोरदार स्वागत किया। वहीं डॉ. राजवीर आर्य व ईश कुमार राणा ने झंडी दिखाकर यात्रा को चंडीगढ के लिए रवाना किया। इस दौरान भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के नारे गूंज रहे थे डीजे पर देशभक्ति के गीत बज रहे थे। वहीं एक राष्ट्र एक चुनाव के विभाग संयोजक डॉ. राजवीर आर्य ने कहा की इस यात्रा से एक राष्ट्र एक चुनाव के बारे में जन जागरण होगा लोगों को पता लगेगा की एक राष्ट्र के लिए एक चुनाव होने क्यों आवश्यक है। जिला संयोजक ईश कुमार राणा ने कहा इस यात्रा से एक राष्ट्र एक चुनाव के बारे मे राष्ट्र को तथा समाज को जागरूक किया जाएगा। यह यात्रा अपने उद्देश्य में सफल होगी। उन्होंने यात्रा में शामिल लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश में लोकसभा व विधानसभा के चुनाव एक सथ होने से खरबों रूपये की बचत होगी और बचत की इस राशि से देश में विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि एक साथ चुनाव होने से भारत जल्द विकसित राष्ट्र बनेगा। इस अवसर पर यात्रा के संयोजक नरसिंह, सहसंयोजक शमशेर सिंह तुफान, प्रधान कालू पंडित रभडा, सदस्यगण हरीश संभरवाल, अंकित सरगथल, विक्रम, राहुल, बिजेंद्र, मंजीत, रवि राणा, रवि बजाज आदि उपस्थित रहे।



एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में पद यात्रा करते हुए भाजपाई आदि।

# पीएम श्री स्कूल के मेधावी छात्र पुरस्कृत

**पानीपत।** पानीपत के गांव जलालपुर प्रथम में सरपंच पुष्पा रावल धर्मपत्नी शिव कुमार रावल पुत्र सुशील रावल द्वारा विद्यालय में दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड में अव्वल रहने वाले मेरिटोरियस मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य विनोद रावल ने आए हुए अतिथिगण, पंचायत सदस्य, अभिभावक, सरपंच का आभार जताया। इस अवसर पर डॉ.हितेश चंद शर्मा, स्कूल प्रबंधन कमेटी प्रधान लख्मी, सतीश वर्मा, वेद फौजी, प्राध्यापक ज्ञानेंद्र, डॉ. पवन, नीलम, सविता, कुसुम श्योराण, मनोज कुमार, रिंकू, जय भगवान, आदिति, अनु, काफी, माफी व पलक आदि उपस्थित रहे।



### पुरस्कार को आवेदन मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। पुरस्कार के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है।

## किसानों को 40 प्रतिशत खाद सहकारी समितियों के माध्यम से वितरित किया जाएगा

# किसानों को खाद के साथ जबरन कीटनाशक ना बेचें

- उप कृषि निदेशक, पानीपत ने सभी डीलरों को निर्देशित किया गया है कि वे किसानों को पक्का बिल दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. आत्मा राम गोदारा की अध्यक्षता में कृषि विभाग के कार्यालय में बुधवार को खाद की कंपनियों के प्रतिनिधिओं के साथ बैठक की। बैठक में खरीफ सीजन के लिए खाद की आपूर्ति के संबंध में योजना बनाई गई। इसमें सभी कंपनियों को खरीफ सीजन में खाद की आपूर्ति को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी कंपनियों को निर्देश दिए कि उपलब्ध कुल खाद का न्यूनतम प्रतिशत हिस्सा जिले की सहकारी समितियों के माध्यम से वितरित किया जाएगा ताकि छोटे एवं सीमांत किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध हो सके। वहीं एसडीओ डॉ. देवेंद्र कुहाड़ ने कहा कि जिले में कोई भी खाद/बीज/कीटनाशक दवाई विक्रेता किसानों को जबरदस्ती खाद के साथ कोई भी कीटनाशक दवाई या अन्य सामग्री टैग नहीं करेगा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने यह कदम किसानों को बढ़ती शिकायतो को मध्यनजर रखते हुए किया है। उन्होंने कहा कि अगर कोई विक्रेता किसानों को जबरदस्ती खाद के साथ कीटनाशक दवाई या अन्य सामग्री टेग करता है उनके खिलाफ हरियाणा सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों की अनुपालना करते हुए क़ानूनी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। इसके साथ ही उप कृषि निदेशक, पानीपत ने सभी डीलरों को निर्देशित किया गया है कि वे किसानों को पक्का बिल दें, ताकि किसान खरीदारी की सही जानकारी प्राप्त कर सकें और भविष्य में किसी भी विवाद से बचा जा सके।



कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी बैठक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### जसमीत नगर में आज बिजली अदालत

**अंबाला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला शहर के एक्सईएन यूएचबीवीएन कार्यालय रॉयल पैलेस के पीछे अम्बाला शहर में 22 मई 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला कार्यकारी अभियन्ताा यूएचबीवीएन करेंगे।

### अवैध देसी पिस्टल सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ क्षेत्र हरियाली ढाबा काला आम्ब रोड के पास अवैध हथियारों की तस्करी के मामले में 20 मई 2025 को सीआईए-शहजादपुर के पुलिस दल ने उप-निरीक्षक जरनैल सिहँ के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी मनजीत उर्फ मन्नु निवासी गाँव मनका जिला अम्बाला को देसी पिस्टल सहित गिरफ्तार कर थाना नारायणगढ़ में मामला दर्ज कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 2 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया। दौराने रिमाण्ड आरोपी से अवैध हथियार बारे गहनता से पूछताछ की जाएगी। 20 मई 2025 को सीआईए-शहजादपुर के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी हथियार सहित हरियाली ढाबा काला आम्ब रोड के पास खड़ा है जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना उपरान्त सीआईए-शहजादपुर के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना नारायणगढ़ क्षेत्र हरियाली ढाबा काला आम्ब रोड के पास व्यक्ति को काबू कर लिया।

### जानलेवा हमला करने के पांच आरोपियों को जेल

**मुलाना।** थाना मुलाना में दर्ज लड़ाई-झगड़ा तथा जानलेवा हमला करने के मामले में 20 मई 2025 को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपान्शु, विशाल, राहुल निवासी गांव छप्पर थाना छप्पर जिला यमुनानगर, वंश निवासी सरस्वती कालोनी थाना छप्पर जिला यमुनानगर, पंकज निवासी बाल्मीकि कालोनी थाना छप्पर जिला यमुनानगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में और बालक को सुधारगृह भेजा गया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता पीड़ति महिला ने 19 मई 2025 को थाना मुलाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी पहले से हमला करने की फिराक में थे दिनांक 19 मई 2025 को उसका पुत्र स्कूल बस से उतरा तो अचानक 9 अज्ञात हमलावारों ने उसके पुत्र पर जानलेवा हमला कर चोट पहुंचाई है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

### बैटरी चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अम्बाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में 20 मई 2025 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी साहिल निवासी कलाल माजरी अम्बाला शहर जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री संजय कुमार निवासी रविदास माजरी अम्बाला शहर ने 27 दिसम्बर 2024 को थाना अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि रविदास माजरी अम्बाला शहर के पास 22/23 दिसम्बर 2024 की रात्रि अज्ञात आरोपी ने उसके ई-रिक्शा की बैटरियाँ चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

### भारी वाहन चालकों को पुलिस ने किया जागरूक

**अम्बाला।** पुलिस अधीक्षक अम्बाला द्वारा 25 अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविग (बांई लेन) निर्धारित करने व बांई लेन में चलने बारे वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए।

---

*ईमेल पर आया मैसेज, बम निरोधक दस्ते की जांच में कुछ नहीं मिला*

# अंबाला डीसी ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप

- आम लोगों के प्रवेश पर रोक लगाकर गहनता से जांच की
- अंबाला पुलिस जल्द ही ईमेल भेजने वाले को गिरफ्तार कर लेगी
- ईमेल देखा तो लगा कि यह गलत है लेकिन फिर भी सावधानी के तौर पर हमने सावधानी बरती



अंबाला। उपायुक्त आफिस की फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला अंबाला डीसी ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली जिसके बाद सावधानी के तौर पर डीसी ऑफिस की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यह धमकी सुबह आधिकारिक ईमेल के जरिए मिली थी। इसके बाद डीसी ऑफिस को बंद कर दिया गया है।

वहीं, पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दे दी गई है। इस बारे में डीसी अंबाला अजय सिंह तोमर ने बताया कि आज सुबह डिप्टी कमिश्नर अंबाला के आधिकारिक ईमेल पर एक मेल आया जिसमें अंबाला के डीसी ऑफिस को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इसके बाद डीसी की ओर से इस मामले में पुलिस को शिकायत दी गई। इस दौरान पुलिस टीम के साथ बम निरोधक दस्ता भी डीसी ऑफिस पहुंचा और जांच की। लेकिन उन्हें ऐसा कोई सामान नहीं मिला जिससे शक हो सके।

#### जगह-जगह ली जा रही तलाशी

डीसी अंबाला अजय सिंह तोमर ने बताया कि ऑफिस में बम की सूचना मिलते ही इस दौरान आम लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। पुलिस ने पूरे ऑफिस की गहनता से जांच की। अब इस धमकी के बाद डीसी ऑफिस में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। डीसी ने बताया कि इस मामले में अब ईमेल पुलिस विभाग को उपलब्ध करा दिया गया है। अब वे जांच कर रहे हैं कि यह ईमेल कहां से आया और किसने भेजा। उन्होंने यह भी कहा कि जैसे ही हमने यह ईमेल देखा तो हमें लगा कि यह गलत है लेकिन फिर भी सावधानी के तौर पर हमने इसकी जांच करवाई। जांच में ऐसा कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि अंबाला पुलिस जल्द ही ईमेल भेजने वाले को गिरफ्तार कर लेगी।

---

*हर जिले में श्रम न्यायालय स्थापित होने से श्रमिकों को मिलेगा शीघ्र न्यायः विज*

# श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते राज्य में होंगे 26 श्रम न्यायालय संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा के श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा में अब श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए औद्योगिक विवादों को शीघ्र अति शीघ्र निपटाने के लिए राज्य में कुल 26 श्रम न्यायालय संचालित होंगे। इस संबंध में 12 जिलों में 12 नए श्रम न्यायालय स्थापित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनुमति प्रदान कर दी गई हैं। उल्लेखनीय है कि श्रम मंत्री ने श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए अन्य 12 जिलों नामतः पंचकूला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल, जींद, सिरसा, महेन्द्रगढ, भिवानी, चरखी-दादरी, फतेहाबाद एवं मेवात (नूंह) में श्रम न्यायालय स्थापित करने के लिए अपनी ओर से मुख्यमंत्री को एक प्रस्ताव बनवाकर भिजवाया था, जिस पर मुख्यमंत्री ने अपनी



12 जिलों में 12 नए श्रम न्यायालय स्थापित करने के लिए सरकार ने अनुमति प्रदान कर दी गई

स्वीकृति प्रदान कर दी है। विज ने बताया कि इन 12 श्रम न्यायालयों की स्थापना हेतू बुनियादी ढांचा, फर्नीचर, वाहन, पैट्रोल इत्यादि की व्यवस्था पर लगभग 12 करोड रूपए की राशि का खर्च आएगा।

**6 जिलों में 9 श्रम न्यायालय संचालित, एक निर्माणाधीन चार की मिली पहले ही मंजूरी**

उन्होंने बताया कि वर्तमान में 6 जिलों (अंबाला में एक, पानीपत में एक, हिसार में एक, रोहतक में एक, गुरूग्राम में दो तथा फरीदाबाद में तीन) में 9 श्रम न्यायालय संचालित हैं, जबकि जिला रेवाडी के बावल में एक श्रम न्यायालय निर्माणधीन है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के बजट भाषण के अनुरूप सोनीपत में एक, झज्जर में एक, पलवल में एक तथा रेवाडी में एक अर्थात चार अन्य श्रम न्यायालयों को पहले ही मंजूरी प्रदान कर दी गई थी। इस प्रकार से 10 जिलों में कुल 14 श्रम न्यायालय की संख्या हो गई थी। राज्य के अन्य 12 जिलों में 12 नए श्रम न्यायालयों को स्थापित करने के लिए श्रम मंत्री श्री अनिल विज के प्रयासों से इस प्रक्रिया को सिरे चढा दिया गया है और आज उन्होंने इस बारे में बताया कि हरियाणा में अब कुल 26 श्रम न्यायालय होंगें। विज ने कहा कि वे चाहते हैं कि श्रम विभाग से संबंधित औद्योगिक विवादों को जल्द से जल्द निपटाया जाना चाहिए ताकि श्रमिकों को समय पर न्याय मिल सकें, इसलिए प्रत्येक जिला में श्रम न्यायालय स्थापित किए जा रहे है।

---

## 3.900 किलो गांजा तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

अम्बाला। गांव कलरहेड़ी के पास से नशा तस्करी मामले में 20 मई 2025 को एन्टी नारकोटिक संल अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक ऋषिपाल के नेतृत्व में तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी सुमन कुमार निवासी गांव भवानी पट्टी जिला सुपोल बिहार वर्तमान पता खटीक मण्डी नजदीक शिव मन्दिर अम्बाला छावनी जिला अम्बाला को 03 किलो 900 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार 04 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया। 20 मई 2025 को एएनसी अम्बाला के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है, जो आज गांव कलरहेडी से गांव पंजोखरा की तरफ आएगा जिसके पास भारी मात्रा में मादक पदार्थ है। सूचना उपरान्त एएनसी अम्बाला के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना पंजोखरा क्षेत्र गांव कलरहेड़ी के पास नाकाबंदी के दौरान पैदल आ रहे संदिग्ध को काबू कर उसकी विधिनुसार तलाशी लेने पर उससे 03 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद किया। आरोपी की पहचान सुमन कुमार निवासी गांव भवानी पट्टी जिला सुपोल बिहार वर्तमान पता खटीक मण्डी शिव मन्दिर अम्बाला छावनी जिला अम्बाला के रूप में हुई जिसे उपरोक्त मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार कर थाना पंजोखरा में मामला दर्ज किया।

---

*एसपी बोले-यातायात के नियमों की पालना के लिए अभियान चलाया जा रहा*

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न लगाने व बिना नम्बर प्लेट वाहन चालकों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस द्वारा यातायात के नियमों की पालना करने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाकर वाहन चालकों/आमजन को समय-समय पर जागरूक किया जाता है। हम सभी को यातायात के नियमों की पालना करनी चाहिए क्योंकि यातायात के नियमों की पालना करना एक सभ्य नागरिक की पहचान भी है। प्रायः देखने में आता है कि वाहन चालक बिना पैट्रन/हाई सिक्योरिटी (एचएसआरपी) की नम्बर प्लेट ना लगाकर अपनी इच्छानुसार कोई भी नम्बर प्लेट अपने वाहन पर लगा लेते है। सरकार द्वारा वाहन चालकों के लिए हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट (एचएसआरपी) लगाने के निर्देश दिए हुए है। एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगाने का मुख्य उद्देश्य वाहन चोरी/धोखाधड़ी को रोकना है। रजिस्ट्रेशन नम्बर प्लेट वाहनों को ज्यादा से ज्यादा सुरक्षित बनाती है। एचएसआरपी पर एक होलोग्राम विशेष डिजाइन के साथ होता है जिसे नकली बनाना मुश्किल है। आमतौर पर देखा जाता है कि वाहन चोरी की घटनाओं में सबसे पहले नम्बर प्लेट बदली जाती है जिसकी वजह से वाहन टैक करना मुश्किल हो जाता है लेकिन हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगने के बाद इस प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता।पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी प्रबन्धक थाना/प्रबन्धक यातायात को निर्देश दिए है कि वह बिना पैट्रन नम्बर प्लेट के वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर सख्त कानूनी कार्रवाई करें।

---

*अंबाला शहर के कांग्रेस विधायक चौधरी निर्मल सिंह ने प्रशासन और सरकार पर हमला बोला*

# शहर की जनता त्रस्त, नगर निगम बना भ्रष्टाचार का गढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। विधायक निर्मल सिंह लोगो की समस्या सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

अम्बाला शहर के कांग्रेस विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी निर्मल सिंह ने मंगलवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुनने के बाद मीडिया से बातचीत में स्थानीय प्रशासन और सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि शहर की हालत बदतर होती जा रही है, लेकिन सत्ताधारी नेताओं को केवल पत्थर लगाने की औपचारिकता से ही सरोकार है। विधायक ने विशेष रूप से अंबाला शहर के ऐतिहासिक धार्मिक स्थल नवरंग राय सरोवर के नाम पर वर्षों से लंबित पड़े विकास कार्यों में हुए घोटाले का ज़िक्र करते हुए कहा कि इस पवित्र स्थल पर विकास के नाम पर केवल फाइलें चलीं,पैसे खाये गए और आज तक कार्य अधूरा है।

उन्होंने हाल ही में हरियाणा सरकार और एंटी करप्शन ब्यूरो को पत्र लिखकर इस घोटाले की निष्पक्ष जांच की मांग की थी, साथ ही अम्बाला नगर निगम को निर्देश दिया था कि जब तक जांच पूरी न हो, तब तक इस प्रोजेक्ट पर कोई नई राशि खर्च न की जाए। दुर्भाग्य यह है कि इतने गंभीर विषय पर भी सरकार की तरफ से कोई सकारात्मक जवाब नहीं आया। जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली सरकार का मौन ही उसकी मंशा को उजागर करता है। कहने और करने में अंतर स्पष्ट दिखता है निर्मल सिंह ने कहा पेयजल संकट और बिजली कटौती से जनता परेशान है।

---

### दो बच्चों के साथ विवाहिता संदिग्ध हालात में लापता

**पानीपत।** पानीपत के गांव जोशी निवासी विवाहिता अपने दो बच्चों के साथ संदिग्ध हालात में लापता हो गई। वहीं जब शाम को पति घर पहुंचा तो पत्नी व दोनों बच्चे मकान पर नहीं मिले। पति ने हर संभावित स्थल पर पत्नी व बच्चों की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। वहीं पति की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने विवाहिता व उसके दो बच्चों की गुमशुदगी का केस दर्ज कर उकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है जल्द तलाश लिया जाएगा।

---

# बच्चों के साथ होने वाले गुड और बैड टच के बारे में बताया

*बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गवर्नमेंट मिडिल स्कूल डेहा बस्ती अंबाला कैंट में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ईव टीजिंग और बुलिंग जैसे संवेदनशील विषयों पर एक जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सुश्री नेहा परवीन पैरा लीगल वालंटियर अधिकार मित्र मौजूद रही जिन्होंने बच्चों के साथ होने वाली छेड़छाड़ और उसके परिणामों के बारे में जागरूक किया और ये भी बताया की अगर किसी के साथ अगर ऐसी कोई घटना होती है तो सुरक्षित स्थानों के बारे में जागरूक किया जहां वे अपनी समस्याएं सांझा कर सके तथा महिलाओं और लड़कियों को बिना कि सी डर के बोलने और घटनाओं की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा उनके कानूनी अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया गया और साथ ही नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी नेहा परवीन ने ये भी बताया की इस पहल का उद्देश्य न केवल बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है बल्कि उन्हें एक सुरक्षित शिक्षित और आत्मनिर्भर नागरिक के रूप में विकसित करना भी है। इस कार्यक्रम में इद्रीश फाउंडेशन की सहभागिता रही जिसके अंतर्गत बच्चों को कॉपियां और पेन वितरित किए गए। अब हर महीने टीम विद्यालय में आएगी और बच्चों की काउंसलिंग और अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग प्रदान करेगी।

---

# आईटीआई बराड़ा में खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट विषय पर सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बराड़ा एट होली में 'खाद्य सुरक्षा और मिलावट' विषय पर एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अंबाला शहर से आईं डाइटिशियन शिवा ने उपस्थित स्टाफ सदस्यों, विद्यार्थियों एवं बराड़ा ब्लॉक से आए अन्य प्रतिभागियों को खाद्य सुरक्षा के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। डाइटिशियन शिवा ने बताया कि किस प्रकार आज के समाज में मिलावटी खाद्य पदार्थ धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं। कुछ दुकानदार अपने लाभ के लिए खाद्य वस्तुओं में मिलावट करके लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं को विशेष रूप से संबोधित करते हुए कहा कि जंक फूड और बनावटी खाने की आदतें युवाओं के स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचा रही हैं, जिनका असर भविष्य में गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर के रूप में सामने आ सकता है। उन्होंने सभी को संतुलित आहार के महत्व को समझने, खाने-पीने की वस्तुओं के चुनाव में सावधानी बरतने और जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि किस प्रकार नियमित व्यायाम और शारीरिक गतिविधियां स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक हैं। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं और प्रतिभागियों ने खाद्य सुरक्षा से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

---

# हरियाणा फिल्म नीति के जल्द सकारात्मक नतीजे आएंगेः बेदी

*9 करोड़ की प्रोत्साहन राशि जारी, सीएम का जताया आभार*

- हरियाणा की भूमि पर बनी 6 फिल्मों को 9.50 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि सब्सिडी के रूप में दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बाला

हरियाणा आर्टिस्ट्स फोरम की ओर से वरिष्ठ रंगकर्मी जसदीप बेदी ने 6 फिल्मों के लिए साढ़े 9 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि जारी करने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है। आज जारी एक बयान में बेदी ने कहा कि हरियाणा फिल्म नीति के जल्द ही सकारात्मक नतीजे सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की यह अच्छी सोच है कि अगर अच्छी फिल्मों का का निर्माण होगा तो इन फिल्मों का उद्देश्य केवल मनोरंजन करना नहीं, बल्कि देश-प्रदेश की संस्कृति को बढ़ावा देना, समाज की सोच को जागृत करना तथा लोगों पर सकारात्मक प्रभाव डालना भी होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की संस्कृति और विरासत को बढ़ावा देने वाली अच्छी फिल्मों और कलाकारों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार ने हरियाणा फिल्म नीति बनाई है। जसदीप सिंह बेदी ने कहा कि सोमवार को चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में, हरियाणा फिल्म नीति के तहत चयनित की गई हरियाणा की भूमि पर बनी 6 फिल्मों को 9.50 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि सब्सिडी के रूप में दी गई है । इस अवसर पर हरियाणा फिल्म नीति की गवर्निंग काउंसिल की अध्यक्ष मीता वशिष्ठ, फिल्म जगत से जुड़े विभिन्न निर्माता, निर्देशक व कलाकार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बेदी ने कहा कि हरियाणा सरकार हरियाणा की कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि अभी कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री ने हरियाणा के वरिष्ठ कलाकारों के लिए पेंशन देने की एक बहुत ही बढिया घोषणा की है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील करते हुए कहा कि कला एवं संस्कृति के विकास के लिए सरकार प्रदेश के हर जिले में कला भवनों का निर्माण करे जिसमें कलाकारों के लिए हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए।

---

**संज्ञान** हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 की 2 धाराओं में संशोधन आवश्यक : हेमंत

# अंबाला मेयर के निर्वाचन की कानूनी वैधता के लिए प्रदेश सरकार को भेजा ताजा नोटिस

*20 मार्च को निर्वाचन आयोग द्वारा शहरी निकाय विभाग को भेजे पत्र के दो महीने बाद भी कार्रवाई लंबित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बाला

इसी वर्ष फरवरी-मार्च 2025 में हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग के अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण में प्रदेश की तीन दर्जन विभिन्न शहरी नगर निकायों के साथ ही अम्बाला और सोनीपत नगर निगमों के मेयर पद का उपचुनाव भी कराया गया था। आगामी वर्ष जनवरी, 2026 के आरम्भ तक की समय-अवधि के लिए अम्बाला नगर निगम में भाजपा उम्मीदवार शैलजा सचदेवा जबकि सोनीपत नगर निगम में भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन मेयर पद पर निर्वाचित हुए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 20 मार्च 2025 को प्रदेश के शासकीय गजट में हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 14(1) के अंतर्गत एक नोटिफिकेशन के प्रकाशन मारफत उपरोक्त दोनों मेयर पद पर निर्वाचित पदाधिकारियों का निर्वाचन अधिसूचित कर दिया गया था एवं 25 मार्च 2025 को उक्त दोनों को सम्बंधित मंडल आयुक्तों द्वारा मेयर पद की शपथ भी दिला दी गई थी। इसी बीच अम्बाला शहर निवासी पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में एडवोकेट और म्युनिसिपल कानून जानकार हेमंत कुमार ने 12 मार्च 2025 को राज्य निर्वाचन आयोग और प्रदेश सरकार को लिखकर उनके संज्ञान में लाया था कि बेशक आयोग द्वारा उपरोक्त दोनों नगर निगमों के मेयर पद का उपचुनाव संपन्न करा गया है उपचुनाव को पूर्ण कानूनी वैधता अर्थात वैधानिक मान्यता तभी प्राप्त होगी जब प्रदेश विधानसभा द्वारा हरियाणा नगर निगम कानून,1994 की दो धाराओं नामतः 9(5) और 13(1) में तत्काल कानूनी संशोधन किया जाएगा जोकि उस समय हरियाणा विधानसभा के चल रहे बजट सत्र में किया जा सकता था। तत्पश्चात हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा 20 मार्च 2025 को एक पत्र के माध्यम से निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा को लिखा गया था कि उपरोक्त विषय पर की जाने वाली वांछित कार्रवाई बारे हेमंत को सूचित किया जाए एवं उसकी एक प्रति आयोग को भी सूचनार्थ एवं रिकॉर्ड हेतु भेजी जाए। बहरहाल, आज दो माह का समय बीत जाने के बाद भी उन्हें शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। अब क्या विभाग द्वारा इस विषय पर राज्य निर्वाचन आयोग को कोई पत्र भेजा गया है अथवा नहीं, इस बारे में आयोग ही बता सकता है। बहरहाल, हेमंत ने बीती 20 मई को इस विषय पर एक बार पुनः निर्वाचन आयोग और प्रदेश सरकार के शहरी निकाय विभाग को लिखा है। हेमंत का कानूनी मत है कि चूंकि वर्तमान में हरियाणा विस का सत्र नहीं चल रहा है, अतः प्रदेश सरकार द्वारा राज्यपाल हरियाणा से उपरोक्त विषय पर एक अध्यादेश प्रख्यापित कराकर तत्काल तौर पर उपरोक्त कानूनी संशोधन किया जा सकता है। नगर निगम कानून, 1994 की धारा 13 (1), जो नगर निगम मेयर और सदस्यों की रिक्त हुई सीटों को उपचुनाव द्वारा भरे जाने से संबंधित है, में नवम्बर-2020 में प्रदेश विधानसभा द्वारा संशोधन कर ऐसा उल्लेख कर दिया गया था कि उक्त धारा के प्रावधान रिक्त मेयर पद पर लागू नहीं होंगे अर्थात इसका सरल शब्दों में अर्थ यह है कि नगर निगम के मेयर का पद, बेशक वह किसी भी कारण से रिक्त हुआ हो, तो उसे राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव द्वारा भरा नहीं जा सकता है। चूंकि इस कानूनी प्रतिषेध (रोक) बावजूद अम्बाला और सोनीपत में मेयर पद के लिए उपचुनाव कराया गया, इसलिए उसकी कानूनी मान्यता के लिए उक्त धारा में संशोधन आवश्यक है। नगर निगम कानून का हवाला देते हुए हेमंत ने बताया कि इस धारा में स्पष्ट उल्लेख है कि अगर नगर निगम मेयर या निगम सदस्य के रिक्त हुए पद को, जिसका शेष कार्यकाल कम से कम 6 महीने या उससे अधिक हो, को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव मारफत भरा जाना है, तो ऐसा उस पद के रिक्त होने के अधिकतम 2 महीने के भीतर ही किया जा सकता है। गत वर्ष 8 अक्टूबर 2024 को अम्बाला नगर निगम की तत्कालीन मेयर शक्ति रानी शर्मा के पंचकूला जिले के कालका विधानसभा हलके से भाजपा विधायक बनने और सोनीपत नगर निगम के तत्कालीन मेयर निखिल मदान के सोनीपत विधानसभा हलके से भाजपा विधायक बनने कारण हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 की धारा 8 एके अंतर्गत अम्बाला और सोनीपत नगर निगमों के मेयर पद उसी दिन से ही रिक्त हो गए थे।

क्योंकि एक ही समय पर कोई व्यक्ति मेयर एवं साथ साथ विधायक नहीं रह सकता है। निर्वाचन आयोग को अम्बाला और सोनीपत नगर निगमों में मेयर पद के लिए उपचुनाव कराना ही था, तो मौजूदा धारा 9(5) के अंतर्गत ऐसा अम्बाला और सोनीपत नगर निगमों के मेयर पद रिक्त होने से दो महीने के भीतर अर्थात 8 दिसम्बर 2024 तक करा लेना चाहिए था। चूंकि अम्बाला और सोनीपत नगर निगमों के रिक्त मेयर पद उपचुनाव फरवरी-मार्च, 2025 में कराया गया, इसलिए ऐसे में उपचुनाव कराने की मौजूदा दो महीने की समय सीमा में कानूनी संशोधन करना आवश्यक है।